ओउजि ग्रुप की आचार संहिता

ओउजि ग्रुप "मानवाधिकरों के सम्मान" को वैश्विक आचार संहिता के रूप में मान्यता देता है, और मानवाधिकारों के प्रति बुनियादि दृष्टिकोण के रूप में यहाँ हमने "ओउजि ग्रुप मानवाधिकार नीति" स्थापित की है। हम भविष्य में भी मानवाधिकारों के सम्मान के लिए और प्रयास करते रहेंगे, साथ ही साथ प्रत्येक व्यक्ति के विविध मूल्यों का सम्मान करना जारी रखेंगे, और एक ऐसे समाज की प्राप्ति में योगदान देंगे जहाँ हर एक अपनी क्षमताओं को संपूर्ण रूप सके व्यक्त कर सके।

1. आधारभूत सिद्धांत

हम संयुक्त राष्ट्र के "व्यापार और मानवाधिकारों पर मार्गदर्शक सिद्धांतों", OECD "बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए मार्गदर्शन" एवं ILO "बहुराष्ट्रीय कंपनियों एवं सामाजिक नीति से संबंधित सिद्धांतों के घोषणापत्र" पर आधारित मानवाधिकारों के सम्मान के लिए उठाए गए कदमों का प्रचार करेंगे, और हम "मानवाधिकारों का अंतर्राष्ट्रीय विधेयक (वैश्विक मानवाधिकार घोषणापत्र और नागरिक एवं राजनैतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय करार)" और "ILO कार्यस्थल पर मूलभूत सिद्धांतों और अधिकारों पर घोषणापत्र*", "स्वदेशी लोगों के अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र का घोषणापत्र" और इस स्वदेशी लोगों के अधिकार संबंधित "निशुल्क, पूर्व एवं सूचित सहमति" के अधिकारों जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का समर्थन और सम्मान करेंगे।

यदि अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार मानक राष्ट्रीय घरेलू कानूनों से भिन्न होंगे, तब हम उच्च मानकों का पालन करेंगे, और यदि दोनों के बीच असहमति होगी, तो हम अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त मानवाधिकारों को उच्चतम सम्मान देने के रास्ते ढूंढेंगे।

इसके अतिरिक्त, ग्रुप ने संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पेक्ट पर हस्तक्षर किए हैं और हम मानवाधिकारों सहित इसके 10 सिद्धांतों का समर्थन करते हैं। इस नीति को ग्रुप के अंदर और बाहर से पेशेवर सलाह प्राप्त करके तैयार किया गया है।

*इसमें शामिल हैं मूलभूत श्रमित मानक "बाल श्रम का उन्मूलन" "जबरन श्रम का उन्मूलन" "रोजगार एवं व्यवसाय संबंधित भेदभाव का उन्मूलन" "संघ की स्वतंत्रता एवं सामुहिक सौदेबाजी के अधिकार की प्रभावपूर्ण मान्यता" "सबके लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्य वातावरण"।

2. लागू करने का दायरा

यह नीति ओउजि ग्रुप के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लागू होगी।

हमारे व्यवसाय, उत्पादों, और सेवाओं से सीधा संबंध रखने वाले व्यापारिक भागीदारों एवं अन्य पक्षों से भी हम उम्मीद रखते हैं कि इस नीति के आधार पर मानवाधिकारों का सम्मान करें, और हम "ओउजि ग्रुप आपूर्ति श्रंखला निरंतरता कार्यवाही मार्गदर्शनों", आदि के आधार पर प्रयास करना जारी रखेंगे।

3. मानवाधिकार शासन प्रणाली

मानवाधिकारों के सम्मान की पूर्ण प्रतिबद्धता के लिए आवश्यक विषयों पर हमारी निरंतरता प्रचार सभा (अध्यक्ष: ग्रुप CEO, सभा सदस्य: सभी कंपनियों के अध्यक्ष, आदि) चर्चा करती है जिसकीनिगरानी एवं देखभालहमारे निदेशक मंडल द्वारा की जाती है।

4. मानवाधिकार सम्यक् तत्परता

संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों "व्यापार और मानवाधिकार" में वर्णित कार्यविधियों के आधार पर मानवाधिकारों का सम्मान करने की हमारी जिम्मेदारी को निभाने के लिए, हम अपने साझेदारों के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर एक मानवाधिकार सम्यक् तत्परता प्रणाली का निर्माण करेंगे। फलस्वरूप, हम साझेदारों के साथ जारी बातचीत के माध्यम से लगातार ग्रहण कर मानवाधिकारों के नकारात्मक प्रभावों की पहचान करेंगे, जिनके कारणहमारी व्यापारिक गतिविधियाँ बिगड़ी हैं, और अपने व्यापारिक संबंधों के माध्यम से नकारात्मक प्रभाव, जिनका सीधा संबंध शायद हमारी व्यापारिक गतिविधियों, उत्पादों, या सेवाओं पर पड़ा है, उनसे बचाव कर घटाएंगे, और इनसे पड़ने वाले प्रभावों की जांच करना जारी रखेंगे।

ओउजि ग्रुप सभी कार्यकारिणियों एवं कर्मचारियों को इस नीति की समझ का प्रचार करेगा एवं इसका प्रभावपूर्ण कार्यान्वयन के लिए उचित शिक्षा प्रदान करेगा।

5. सुधार/उपाय

यह स्पष्ट हो गया है कि हम मानवाधिकारों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं और उन्हें बढ़ावा दे रहे हैं, हम संबंधित लोगों के साथ बातचीत करेंगे और उचित प्रणालियों के माध्यम से स्थिति के उपाय का प्रयास करेंगे। इसके अतिरिक्त, यदि हमारा व्यापार, उत्पाद, या सेवाएं, हमारे व्यापारिक साझेदारों एवं अन्य पक्षों के माध्यम से मानवाधिकारों पर सीधा नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं, तो हम इन पक्षों के साथ मिलकर उपाय करेंगे।

ओउजि ग्रुप एक गैर-न्यायिक शिकायत निवारण मंच से जुड़ गया है जो संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के "व्यवसाय एवं मानवाधिकारों पर मार्गदर्शक सिद्धांतों" का अनुपालन करता है, जो कि कर्मचारियों/आपूर्ति श्रृंखलाओं/स्थानीय निवासियों/स्वदेशी लोगों सहित सभी हितधारकों के लिए उपलब्ध है, और हमने पूर्ण रूप से अपनी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मूल्य श्रृंखलाओं में होने वाले मानवाधिकारों/पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभावों के निवारण के लिए एक संपर्क बिंदु स्थापित किया है, और हमने उचित प्रतिक्रिया लेने के लिए एक प्रणाली स्थापित की है। इस मंच के माध्यम से रिपोर्ट प्राप्त करते समय, हम व्हिसलब्लोअर की गुमनामी और रिपोर्ट की सामग्री की गोपनीयता सुनिश्चित करते हैं, और रिपोर्ट करने के परिणामस्वरूप व्हिसलब्लोअर को किसी भी नुकसान से बचाने का वादा करते हैं।

हमने उपभोक्ताओं और बाहरी हितधारकों के लिए अपनी वेबसाइट पर एक परामर्श डेस्क भी स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त, हम एक "व्यापार आचार नीति हेल्पलाइन**" का संचालन करते हैं जहां ओउजि ग्रुप के सभी अधिकारी और कर्मचारी परामर्श/रिपोर्ट कर सकते हैं, और हम कानूनी उल्लंघनों/कदाचार (श्रम संबंधों, उत्पीड़न से संबंधित मामलों सहित) के संबंध में परामर्श स्वीकार करते हैं।

** किसी बाहरी संपर्क बिंदु पर परामर्श की रिपोर्ट करते समय, आप पुरुष या महिला वकील के लिए अपनी प्राथमिकता बता सकते हैं।

6. संवाद/सूचना प्रकटीकरण

ओउजि ग्रुप बाहरी मानवाधिकार विशेषज्ञों के सहयोग से, इस नीति के आधार पर, मानवाधिकार प्रयासों के बारे में अधिकार धारकों और अन्य संबंधित साझेदारों के साथ बातचीत एवं परामर्श के लिए वचनबद्ध रहेगा।

ओउजि ग्रुप, हमारे मानवाधिकार प्रयासों की प्रगति पर रिपोर्ट, एकीकृत रिपोर्ट, प्रतिभूति रिपोर्ट, आदि का खुलासा अपनी वेबसाइट पर करेगा।

इस नीति को हमारे निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है और हमारे ग्रुप CEO द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है।

ओउजि होल्डिंग्स कार्पोरेशन
बोर्ड प्रतिनिधि निदेशक, अध्यक्ष
हिरोयुकि इसोनो

स्थापना : अगस्त 4, 2020
संशोधित : फरवरी 26, 2024
संशोधित : जनवरी 28, 2025